Fin

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2019 (ANNUAL) 101/201

## NRB (Model Set)

### I.Sc. & I.Com – NRB - MB NON. HINDI

समय :– 01 घंटा 37.5 मिनट

**Full Marks : 50**

पूर्णांक : 50

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 7.5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

   (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है, इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का प्रयोग वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 25 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें। 1X25=25

*निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें:–*

1. 'सुमित्रानंदन पंत' का जन्म किस वर्ष में हुआ था ?

(A) 1900 ई0 (B) 1901 ई0 (C) 1902 ई0 (D) 1905 ई0

2. 'रहीम' का जन्म किस वर्ष में हुआ था ?

(A) 1556 ई0 (B) 1656 ई0 (C) 1456 ई0 (D) 1956 ई0

3. इनमें से गोपाल सिंह नेपाली की रचना कौन–सी है ?

(A) भारतमाता ग्रामवासिनी (B) सुंदर का ध्यान कहीं सुंदर

(C) जीवन का झरना (D) हिमालय का संदेश

4. इनमें से महादेवी वर्मा की रचना कौन–सी है ?

(A) गौरा (B) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

(C) मंगर (D) पंचपरमेश्वर

5. 'मनुष्य के स्वभाव में बहुत संकीर्णता और विरुपता है – किस पाठ से उद्धृत है?

(A) ठिठुरता हुआ गणतंत्र (B) पंचपरमेश्वर

(C) मंगर (D) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

6. 'रहिमन, निज मन की व्यथा

मन ही राखो गोय'।

इस पद के रचयिता कौन हैं ?

(A) निराला B.महादेवी वर्मा (C) रहीम (D) दिनकर

7. स्वतंत्रता दिवस भींगता है,

गणतंत्र दिवस ठिठुरता है।

के रचयिता का नाम लिखें –

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) प्रेमचंद

(C) हरिशंकर परसाई (D) महादेवी वर्मा

8. प्रेमचंद की सर्वश्रेष्ठ रचना कौन है ?

(A) पंचपरमेश्वर (B) गौरा

(C) मंगर (D) इनमें से कोई नहीं

9. मर जाना है रूक जाना ही,

निर्झर यह झर कर कहता है।

प्रस्तुत पद के कवि का नाम लिखें –

(A) आरसी प्रसाद सिंह (B) पंत

(C) निराला (D) गोपाल सिंह नेपाली

10. हिन्दी साहित्य में 'कथा–सम्राट' किस रचनाकार को कहते हैं ?

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) प्रेमचंद

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) रेणु

11. 'घी' शब्द का लिंग–निर्णय करें।

(A) पुलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभय लिंग (D) इनमें से कोई नहीं

12. 'परीक्षा' शब्द का लिंग–निर्णय करें।

(A) पुलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभय लिंग (D) इनमें से कोई नहीं।

13. 'धर्म' शब्द का विशेषण क्या होता है ?

(A) धार्मिक (B) अधार्मिक (C) आधात्मिक (D) कर्मकांडी

14. 'नमक' शब्द का विशेषण क्या होता है ?

(A) नमकीन (B) खारापन

(C) मीठा (D) इनमें से कोई नहीं

15. 'स्वतंत्र' शब्द का विलोम क्या होता है ?

(A) गणतंत्र (B) परतंत्र (C) स्वाधीन (D) जनतंत्र

16. 'सुबह' शब्द का विलोम क्या होता है ?

(A) सबेरा (B) निशा (C) शाम (D) रात

17. 'नया' शब्द का विलोम क्या होता है ?

(A) आधुनिक (B) नवीन (C) पुराना (D) नूतन

18. 'सपूत' शब्द का विलोम क्या होता है

(A) संतान (B) कपूत (C) सत्यवान (D) बुद्धिमान

19. 'चन्द्रमा' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) सूरज (B) निशानाथ (C) चाँदनी (D) रागिनी

20. 'आसमान' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

(A) अंतरिक्ष (B) आकाश–दीप

(C) आकाश पिंड (D) नक्षत्र

21. 'संसार' शब्द का संधि–विच्छेद क्या होता है ?

(A) सम् + असार (B) सम् + सार

(C) समा + सार (D) सम + सार

22. 'गंगाजल' शब्द कौन–सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) बहुब्रीहि समास

(C) द्वन्द्व समास (D) तत्पुरूष समास

23. 'वीणापाणि' शब्द कौन–सा समास है।

(A) तत्पुरूष समास (B) कर्मधारय समास

(C) बहुब्रीहि समास (D) द्विगु समास

24. व्युत्पत्ति की दृष्टि से संज्ञा के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन (B) छः (C) बारह (D) दस

25. अर्थ की दृष्टि से शब्द के कितने भेद हैं ?

(A) दो (B) दस (C) आठ (D) चार

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

*विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 25 (पच्चीस) अंकों का होगा।*

1. निम्नांकित में से किसी एक का भावार्थ लिखें – 5

(i). तीस कोटि संतान नग्न तन
अर्ध क्षुधित, शोषित निरस्त्रजन,
मूढ़, असभ्य, अशिक्षित, निर्धन,
नत मस्तक। तरू–तल निवासिनी!

(ii) निर्झर में गति ही जीवन है;
रूक जायेगी यह गति जिस दिन ?
उस दिन मर जायेगा मानव,
जग–दुर्दिन की घड़ियाँ गिन–गिन।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए – 5

(i) मंगर का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(ii) कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जीवन परिचय लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए – 5

(i) अलगू चौधरी और जुम्मन शेख किस कहानी का पात्र है ?

(ii) रामवृक्ष बेनीपुरी रचित कहानी में भकोलिया के पति का क्या नाम है ?

(iii) 'जैसे दिल्ली की अपनी अर्थनीति नहीं है, वैसे ही अपना मौसम भी नहीं है – किस पाठ से उद्धृत है।

(iv) बेटा, क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे ? – किस पाठ से उद्धृत है ?

(v) 'गेहूँ और गुलाब' के निबंधकार का नाम लिखिए।

(vi) 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' के रचनाकार का नाम लिखिए।

4. संक्षेपण करें – 5

कवि का काम है कि प्रकृति विकास को खूब ध्यान से देखें। प्रकृति की लीला का कोई छोर नहीं, वह अनन्त है। प्रकृति अद्भुत खेल खेला करती है। एक छोटे से फूल से वह अजीब कौशल दिखलाती है जो जन साधारण के ध्यान में नहीं आते। वे उनकी समझ में नहीं आ सकते। पर कवि अपनी सूक्ष्म दृष्टि से प्रकृति के कौशल को अच्छी तरह देख लेता है। उसका वर्णन भी वह करता है। उनसे नाना प्रकार की शिक्षाएँ भी वह ग्रहण करता है और संसार को लाभ भी पहुँचाता है।

5. किसी एक पर निबंध लिखिए – 5

(i) आपका प्रिय लेखक

(ii) वन–संरक्षण

(iii) आतंकवाद की समस्या

(iv) महँगाई

(iv) परीक्षा में कदाचार

*अथवा*

अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखिए जिसमें क्रीड़ा–सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया गया है।